Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 108 रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मंत्री के गृह जिले में रेत माफिया का आतंक, कारवाई करने गए आरक्षक को ट्रैक्टर से कुचला, मौके पर मौत





**रायपुर,** 13 मई (हाईवे चैनल)। सरगुजा जिले एक बार फिर से रेत माफिया सक्रिय हो गए दरमियानी को सनावल थाना क्षेत्र के लिबरा गांव में रेत तस्करों ने ट्रैक्टर चढ़ा कर एक पुलिसकर्मी को कुचल दिया है। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में हड़कंप मचा हुआ है, हालांकि जिले के बाल अधिकारी मौके पर पहुंचे पूरे मामले का मुआयना किया और अज्ञात आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है।

दरअसल यह गांव छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री राम विचार नेताम का गृह इलाका माना जाता है। झारखंड की सीमा से लगा हुआ यह गांव नदी के कारण दो राज्यों में विभाजित हो जाता है। काफी सालों से यहां रेत की अवैध तस्करी की जाती है। लेकिन आज तक प्रशासन की ओर से इस मामले में कभी भी कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद जब पुलिस की टीम बीती रात रेत तस्करी को रोकने के लिए पहुंची तो एक पुलिसकर्मी की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मृतक पुलिसकर्मी का नाम शिव भजन सिंह है और उसकी पोस्टिंग सनावल थाने में थी। बता दें दरमियानी रात को रेत की तस्करी को रोकने के लिए चार पुलिसकर्मी मौके के लिए रवाना हुए थे ऐसे में यहां क्या स्थिति बनी कि तस्करों ने एक पुलिसकर्मी की गाड़ी चढ़ा कर हत्या कर दिया वही बाकी पुलिसकर्मी किसी तरह जान बचाकर भागे। स्थानीय लोगों ने बताया कि बलरामपुर जिले के कनहर सहित अन्य नदियों से लगातार रेत की तस्करी की जा रही है और तस्करों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि अब वह प्रशासन के ऊपर भी हमला करने लगे हैं। सभी लोग इस मामले में कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पूरे मामले को लेकर ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को मौके पर पहुंचे थे जहां बालू खनन का काम चल रहा था तीन गाड़ियों को ग्रामीणों ने पड़कर पुलिस वालों को सुपुर्द कर दिया जिसे पुलिस वाले थाना लेकर आए और रात भर रखने के बाद रविवार को ऐसा क्या स्थिति निर्मित हुई की थानेदार साहब को गाड़ियां छोड़ना पड़ा वहीं अगले दिन ग्रामीणों के दबाव के बाद पुलिस देर रात रेत माफियाओं को रोकने के लिए पहुंची हुई थी जहां अरे माफिया ने पुलिस वालों को ही अपना निशाना बनाया और एक आरक्षक के ऊपर ट्रैक्टर से कुचल दिया जिससे मौके पर आरक्षक की मौत हो गई पर बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस संवेदनशील जगह पर बगैर पर्याप्त दलबल के थाना प्रभारी क्यों गए यह सवाल सवाल उठना लाजमी है।

वहीं दूसरी और सपा ने बताया कि मामले पर तत्काल कार्रवाई करते हुए क्वेश्चन लिख दो को बैठाया गया है और जल्द मामले पर आरोपियों की तलाश कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पूरे मामले को लेकर स्थानीय लोगों में खास रोज देखने को मिल रहा है साथ ही लोग अल्टीमेटम दे रहे हैं कि अगर स्थिति ऐसे ही बनी रही तो फिर उग्र आंदोलन करेंगे फिलहाल जिले में रेत एक बहुत बड़ा मुद्दा है और हर बार इस पर राजनीति होती रही है लेकिन कभी भी बड़ी कार्रवाई नहीं होने के कारण तस्करों के हौसले इतने बुलंद हैं कि अब वह पुलिस और प्रशासन पर ही चढ़ाई करने लगे हैं। बहरहाल देखने वाली बात होगी कि एक

## प्रधानमंत्री ने बढ़ाया सशस्त्र बलों के जवानों का मनोबल




**नई दिल्ली,** 13 मई (न्यूज चैनल)। ऑपरेशन सिंदूर से पाकिस्तान और उसकी पनाह में पल रहे आतंकियों को सबक सिखाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को पंजाब में आदमपुर एयरबेस पहुंचे। यहां उन्होंने सेना के जवानों से मुलाकात की। जालंधर स्थित यह वही एयरबेस है, जिसे नुकसान पहुंचाने का फर्जी दावा पाकिस्तान ने किया था। हालांकि, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने 11 मई की प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही इस दावे का खंडन कर दिया था। अब पीएम मोदी ने यहां पहुंचकर दुनिया के सामने पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को बेनकाब कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक, आज सुबह-सुबह प्रधानमंत्री मोदी आदमपुर एयरबेस पहुंचे। उन्होंने वायु सेना के बहादुर जवानों से बातचीत भी की। इस दौरान वायुसेना के जवानों ने मौजूदा हालात के बारे में जानकारी दी। दौरे की कई तस्वीरें सामने आई हैं। इसमें एक तस्वीर में पीएम मोदी के पीछे भारतीय लड़ाकू विमान की तस्वीर दिखाई दे रही है और उसके ऊपर लिखा है- क्यों दुश्मनों के पायलट ठीक से सो नहीं पाते?

सुबह-सुबह प्रधानमंत्री मोदी वायु सेना के विमान से जालंधर के आदमपुर एयरबेस पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सशस्त्र बलों के जवानों ने 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। इस दौरे एक बात और साफ हो गई कि अगर प्रधानमंत्री मोदी का विमान इस एयरबेस पर उतर सकता है तो इसे खरोंच तक नहीं आई है। इस दौरे ने पाकिस्तान के नापाक चेहरे और झूठ की दुकान को दुनिया के सामने ला दिया है। आदमपुर पहुंचकर पीएम मोदी के पाकिस्तान के प्रोपेगैंडा को भी तहस नहस कर दिया है। दरअसल, पाकिस्तान ने फर्जी दावा किया था कि उसने भारत के सैन्य ठिकानों को नुकसान पहुंचाया। इसे लेकर विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में साफ कहा था कि सिरसा और आदमपुर एयरबेस को नुकसान पहुंचाने के पाकिस्तानी दावे पूरी तरह से गलत हैं। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान इन एयरबेस की तस्वीरें भी दिखाई गईं थीं, जिनमें दिखाया गया कि वहां सबकुछ सामान्य है। ऐसे में पीएम मोदी के आदमपुर दौरे ने पाकिस्तान के झूठ की पोल पूरी दुनिया के सामने खोल दी है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### सीबीएसई कक्षा 12वीं का परिणाम जारी

**नई दिल्ली,** 13 मई (न्यूज चैनल)। सीबीएसई ने कक्षा 12वीं के परिणाम आज 13 मई 2024 को घोषित कर दिए है। इस वर्ष कुल 87.98% छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है, जो पिछले वर्ष के 87.33% से 0.65% अधिक है। इस साल केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में 42 लाख से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया है, और अब सभी की नजरें बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर टिकी हुई हैं। छात्र इस https://www.cbse.gov.in/ पर जाकर अपने मार्क्स देख सकते है। परिणाम लिंक cbseresults.nic.in, https://results.cbse.nic.in/ और https://cbse.gov.in/ पर उपलब्ध होगा। इस साल सीबीएसई कक्षा 12 की परीक्षा के लिए 16 लाख से अधिक छात्र उपस्थित हुए थे।

### बोर गाड़ी से टकराकर पिकअप के उड़े परखच्चे, ड्राइवर की मौके मौत



**भानुप्रतापपुर,** 13 मई (हाईवे चैनल)। कांकेर जिले के प्रवेश द्वार ग्राम कच्चे में पिकअप और बोर गाड़ी में जबरदस्त भिड़ंत हो गई, जिसमें पिकअप ड्राइवर की घटना स्थल पर ही मौत हो गई. जानकारी के अनुसार, पिकअप भानुप्रतापपुर से रायपुर जा रही थी, वहीं बोर करने वाला ट्रक भानुप्रतापपुर की ओर आ रहा था. कच्चे पुलिस चौकी से 100 मीटर आगे दोनों में भिड़ंत हो गई. हादसे में जहां पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं बोरवेल ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया है. भिड़ंत इतनी भयानक थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए. हादसे के बाद सड़क पर जाम लग गया, जिसे कच्चे पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद चालू कराया. पिकअप से चालक के शव को बाहर निकालकर पुलिस ने

## आबकारी टीम की अवैध महुआ शराब पर रोक लगाने हेतु बड़ी कार्रवाई



**गरियाबंद,** 13 मई (हाईवे चैनल)। आज आबकारी आयुक्त ,प्रबंध संचालक श्याम धावड़े तथा कलेक्टर महोदय भगवान सिंह उइके के मार्गदर्शन में उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम से प्राप्त निर्देशानुसार जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में गरियाबंद जिले की आबकारी टीम द्वारा संयुक्त कार्यवाही ( सघन गश्त) के दौरान निम्न प्रकरण कायम किये गए*

प्रकरण क्र. 01 = वृत्त गरियाबंद के अंतर्गत ग्राम तुईयामुड़ा जंगल में गस्त के दौरान तीन बड़े एवं एक छोटे ड्रम में कुल 600 किलोग्राम महुआ लाहन कुल बाजार मूल्य 24000 रूपये तथा कुल जप्त शराब की मात्रा 180 लीटर कुल बाजार मूल्य 36000 रूपये को बरामद कर सीलबंद कर जप्त किया गया। महुवा लाहन को मौके पर नष्ट किया गया तथा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2015 संशोधित 2011 कि धारा 34(1)'क', 34(1) 'च' तथा 34 (2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की पतासाजी जारी है।

प्रकरण क्र. 02 = वृत्त- राजिम के अंतर्गत ग्राम बरेठिनकोना नदी किनारे गस्त के दौरान 30 बोरी महुआ लाहन कुल 1500 किलोग्राम एवं 3 बड़े ड्रम में 300 किलोग्राम कुल 1800 किलोग्राम महुआ लाहन कुल बाजार मूल्य 72000 रूपये एवं 230 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब कुल बाजार मूल्य 46000 रुपये को बरामद कर शीलबंद कर जप्त किया गया। महुवा लाहन को मौके पर नष्ट किया गया तथा अज्ञात आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 2015 संशोधित 2011 कि धारा 34(1)'क', 34(1) 'च' तथा 34 (2) के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। अज्ञात आरोपी की पतासाजी जारी है उपरोक्त कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी लालजी दिवान, वृत्त राजिम एवं वृत्त गरियाबंद प्रभारी कन्हैया लाल कुर्रे तथा आबकारी प्रधान आरक्षक रविंन्द्र चौधरी, नगर सैनिक मनीष कश्यप महिला सैनिक श्रीमती कामिनी सोनी, महिला सैनिक हेमबाई साहू,वाहन चालक गोर्वधन सिन्हा, का विशेष व सराहनीय योगदान रहा।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 3 बच्चे झुलसे, 2 की हालत गंभीर



**कोरबा,** 13 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा में एक बार फिर से आकाशीय बिजली का कहर देखने को मिला है. कुरूडीह गांव में तीन बालक बिजली की चपेट में आ गए. मनीष कश्यप (14 साल) और लोकेश कुमार कर्ष (13 साल) गंभीर रूप से झुलस गए, जबकि एक अन्य साथी अचेत हो गया. दो बालकों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक, तीनों दोस्त गांव से लगे एक तालाब के पास घूमने गए थे. तेज गर्जना और बारिश के दौरान अचानक बिजली गिरने से तीनों वहीं बेहोश होकर गिर पड़े. कुछ देर बाद एक लड़के को होश आया और उसने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी. सूचना मिलते ही 112 की मदद से घायलों को जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है. गांव में इस हादसे के बाद दहशत का माहौल है.

## सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को किया ढेर



**नई दिल्ली,** 13 मई (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के केल्लर के शुकरू वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकवादी मारे गए हैं। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुछ आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद केल्लर के जंगलों में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया गया था। जैसे ही पुलिस और सेना की टीम ने तलाशी अभियान शुरू किया, छिपे हुए आतंकवादियों ने पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। गोलीबारी के दौरान लश्कर के तीन आतंकवादी मारे गए, हालांकि आतंकवादियों की पहचान का पता लगाया जा रहा है।

भारतीय सेना ने कहा कि आज आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर भारतीय सेना ने तलाशी अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान आतंकवादियों ने भारी गोलीबारी की और भीषण गोलीबारी हुई, जिसके परिणामस्वरूप तीन कट्टर आतंकवादी मारे गए। अभियान जारी है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार की सुबह पंजाब में आदमपुर वायु सेना केंद्र पहुंचे और वहां वायु सेना के उन जवानों से बातचीत की जो पाकिस्तान के साथ हाल में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान कार्रवाई में शामिल थे।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज सुबह मैं एएफएस आदमपुर गया और हमारे बहादुर वायु योद्धाओं और सैनिकों से मिला। साहस, दृढ़ संकल्प और निडरता के प्रतीक लोगों के साथ रहना एक बहुत ही खास अनुभव था। सशस्त्र बल हमारे देश के लिए जो भी करते हैं, उसके लिए भारत उनका सदा आभारी रहेगा।'' मोदी की यह यात्रा भारत और पाकिस्तान के बीच कुछ दिन तक चले सैन्य संघर्ष के बाद हो रही है। इससे पहले भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में छह-सात मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पड़ोसी देश में और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला किया था।




चूहा- सुनती हो, राज्यसभा सांसद महाराजा सनाजा ओबा लीशेम्बा कह रहे हैं कि अगले दो महीने में मणिपुर में लोकप्रिय सरकार बन जाएगी।

चुहिया- हां जी, हो सकता है वो भाजपा के जादूगर सांसद होंगे..!

## करेंगुट्टा पहाड़ी में अब तक 31 नक्सली मारे गए

**बीजापुर,** 13 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ-तेलंगाना सीमा पर बीजापुर जिले के करेंगुट्टा पहाड़ी पर नक्सलियों के विरुद्ध निर्णायक लड़ाई में अब तक 31 नक्सलियों को मार गिराया गया है। मारे गए सभी नक्सली हिड़मा की बटालियन के सदस्य थे। इनमें से 20 माओवादियों की पहचान पूरी कर ली गई है, इनमें से 11 के शव स्वजन को सौंप दिया गया है। अन्य 11 नक्सलियों की पहचान की जा रही है। नक्सलवाद के खात्मे के लिए जारी इस निर्णायक लड़ाई में 24 अप्रैल व पांच मई को हुए मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए थे। इसके बाद सात मई को 27 नक्सलियों को सुरक्षा बल ने एक बड़े अभियान में ढेर कर दिया था। मुठभेड़ स्थल से भारी संख्या में हथियार व विस्फोटक भी जवानों ने बरामद किए हैं।

**नक्सली हिड़मा की बटालियन के सदस्य थे**

सुरक्षा बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बस्तर में पिछले 15 माह में माओवादियों के प्रभाव क्षेत्र में खोले गए 42 से अधिक अग्रिम सुरक्षा शिविर (एफओबी) और वहां से नियद नेल्ला नार (आपका अच्छा गांव) योजना के तहत विकास कार्य से माओवादियों का आधार क्षेत्र सिमटता जा रहा था, जिसके बाद माओवादियों ने करेंगुट्टा की पहाड़ी को नया ठिकाना बनाया हुआ था और वहीं से नक्सली गतिविधियों को जारी रखे हुए थे। करेंगुट्टा में शीर्ष नक्सली बसव राजू, दामोदर, हिड़मा, चंद्रन्ना समेत बटालियन नंबर-एक के 350 नक्सलियों की उपस्थिति की पक्की सूचना के बाद बीते 21 अप्रैल को दस हजार से अधिक जवानों को एक निर्णायक अभियान पर भेजा गया था। पिछले 17 दिन से 40 से 45 डिसे तापमान के बावजूद करेंगुट्टा पहाड़ी को छावनी बनाकर जवान वहां सर्चिंग अभियान चला रहे थे। अब तक वहां से 200 से अधिक इंप्रोवाइज्ड

## रायगढ़ बना प्रदेश का पहला डिजिटल पंचायत जिला



**अब ग्राम पंचायतों में यूपीआई से हो रही टैक्स वसूली**

**रायपुर** 13 मई। छत्तीसगढ़ का रायगढ़ जिला एक नई मिसाल बनकर सामने आया है। यह प्रदेश का पहला ऐसा जिला बन गया है, जहां ग्राम पंचायतों में टैक्स और शुल्क का भुगतान अब डिजिटल माध्यम यानी यूपीआई के ज़रिए किया जा रहा है। प्रॉपर्टी टैक्स, बाजार शुल्क, जलकर और स्वच्छता कर जैसे भुगतान अब ग्रामीण अपने मोबाइल फोन से आसानी से कर रहे हैं।

रायगढ़ जिले ने डिजिटल भुगतान प्रणाली को गांवों तक पहुंचाकर ग्रामीण शासन व्यवस्था को नई दिशा दी है। जिले की सभी 549 ग्राम पंचायतों में यूपीआई आधारित टैक्स वसूली की व्यवस्था लागू कर दी गई है। पंचायत भवनों और सार्वजनिक स्थानों पर यूपीआई क्यूआर कोड लगाए गए हैं, जिससे ग्रामीणजन घर बैठे ही अपने टैक्स भर पा रहे हैं। इस प्रणाली ने न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा दिया, बल्कि इससे पंचायतों की आमदनी में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। तत्कालीन कलेक्टर गोयल ने 12 मार्च 2025 को प्रधानमंत्री अवॉर्ड की स्क्रीनिंग कमेटी के सामने इस नवाचार मॉडल की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि यूपीआई प्रणाली से टैक्स कलेक्शन में बीते वित्तीय वर्ष की तुलना में 117 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। कई पंचायतों में टैक्स वसूली दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है।पहले जहां ग्रामीणों को मैनुअल भुगतान में कठिनाई होती थी, वहीं अब वे मोबाइल से सरलता से भुगतान कर पा रहे हैं। रायगढ़ जिले के 07 में से 05 ब्लॉक आदिवासी बहुल हैं और यहां भी यह डिजिटल भुगतान प्रणाली लागू कर दी गई है। खास बात यह है कि 330 पीवीटीजी बिरहोर परिवारों ने भी यूपीआई से टैक्स भुगतान शुरू कर दिया है, जो डिजिटल समावेशन की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। यूपीआई प्रणाली लागू होने के बाद ग्राम सभाओं में लोगों की भागीदारी भी बढ़ी है। तीन पंचायतों में किए गए विश्लेषण से पता चला है कि ग्राम सभाओं में लोगों की उपस्थिति में 57 प्रतिशत तक इजाफा हुआ है। इससे साफ है कि ग्रामीण अब पंचायत व्यवस्था में अधिक रुचि ले रहे हैं। महिला स्व-सहायता समूहों, बीसी सखियों द्वारा किए गए लेन-देन में भी लगातार वृद्धि हो रही है। वर्ष 2022-23 में जहां 3969.30 लाख रुपये का लेनदेन हुआ था, वहीं 2023-24 में यह बढ़कर 4236.50 लाख और वर्ष 2025 में फरवरी माह के अंत तक 4650.80 लाख रुपये तक पहुंच गया। इस पहल से ग्राम पंचायतों में खाता रखरखाव, ऑडिट प्रक्रिया और नकद बहीखाता मिलान में भी काफी सुविधा हो गई है। हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड मौजूद होने से वित्तीय प्रणाली ज्यादा पारदर्शी और सुचारू हो गयी है। रायगढ़ जिले की यह पहल अब पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक रोल मॉडल बन चुकी है। डिजिटल इंडिया की सोच को सफलता पूर्वक अमल में लाते हुए रायगढ़ जिला आज डिजिटल पंचायत शासन का प्रतीक बन गया है।